हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025





# बाढ़ से शिवनाथ उफनी, छोटा पुल डूबा...जान जोखिम में डालकर वाहन धो रहे लोग, बैरिकेड हटाकर नदी तक पहुंच रहे बच्चे, युवा दिखा रहे कलाबाजियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहरा स्थित शिवनाथ नदी पर बाढ़ की स्थिति बनी हुई है और लोग यहां लगा बैरिकेड हटाकर नदी तक पहुंचकर अपने वाहन धो रहे हैं। वहीं अपने-अपने वाहन के चक्के से उफनती नदी में पानी उड़ाकर कलाबाजियां दिखा रहे हैं। जबकि प्रशासन द्वारा मुनादी कराकर नदी के किनारे जाने से भी मना किया है। ऐसे में अचानक नदी में जलस्तर बढ़ता है तो गंभीर हादसा हो सकता है। इसके बावजूद यहां पर लापरवाही दिखाई दे रही है। शिवनाथ नदी के छोटे पुल से लगभग ढाई-तीन फीट ऊपर पानी बह रहा है। वहीं बाढ़ को देखने बड़े पुल में लोग जमा हो रहे हैं। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही सड़क दुर्घटना और हादसे का खतरा बना हुआ है। यहां आने वाले लोग अपने छोटे बच्चों को भी साथ ला रहे हैं और लापरवाहीपूर्वक बच्चों को छोड़कर सेल्फी ले रहे हैं।





### त्वरित नहीं मिलेगी मदद

शिवनाथ नदी पर बाढ़ की स्थिति होने के बावजूद आसपास कोई भी गोताखोर, मोटरबोट, नाव और ट्यूब की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर त्वरित राहत बचाव कार्य करने में काफी वक्त लग जाएगा।

### पुलिस जवान तैनात नहीं

नदी में लोगों को जाने से रोकने पुलिस विभाग द्वारा कुछ दूरी पर बैरिकेड तो लगाया गया है, लेकिन यहां पर कोई भी पुलिस का जवान और गोताखोर तैनात नहीं है। जिसकी वजह से लोग इस बैरीकेड को हटाकर अपने वाहन नदी तक ले जा रहे हैं।

### पुल पर लग रहा जाम

शिवनाथ नदी में बाढ़ देखने आने वाले लोगों को व्यवस्थित करने भी कोई व्यवस्था दिखाई नहीं देती है। यहां पुल के ऊपर ही लोग अपनी गाड़ियां खड़े कर रहे हैं। जिसकी वजह से जाम भी लग रहा है। लोगों की भीड़ को देखते हुए कुछ लोग यहां भुट्टे और अन्य खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। जिसके चलते बाढ़ देखने लोग काफी देर तक रूक रहे हैं।

## अब तक 80 हजार हेक्टेयर रकबे का बीमा करा चुके किसान

# 8 करोड़ रुपए प्रीमियम अदा कर 63 हजार किसानों ने कराया फसल बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन की खेती में जुटे किसान अपनी फसल का बीमा कराने भी जुट गए हैं। 31 जुलाई को अंतिम अवसर से पहले ही जिले के 63 हजार से अधिक किसानों ने अपने 80 हजार हेक्टेयर का बीमा करा लिया है। इसके लिए किसानों द्वारा बीमा कंपनियों के पास प्रीमियम राशि के रूप में साढ़े सात करोड़ से अधिक रकम जमा भी कर दी है।

ज्ञात हो कि पिछले साल जिले में 1.17 लाख किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया था।।उल्लेखनीय है कि अंचल में मानसून अपने पूरे चरम पर है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में औसत से कई गुना ज्यादा बारिश ने तबाही मचाई हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक सामान्य के मुकाबले 30 फीसदी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। कई इलाकों में ज्यादा बारिश किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। कई इलाकों में तो बाढ़ के हालात बन गए हैं। ऐसे में फसल को नुकसान होने की भी पूरी आशंका है। हालांकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसान प्राकृतिक आपदा से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। फसल बीमा योजना का रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों की फसल को अगर नुकसान पहुंचता है तो उचित मुआवजा मिलता है। 31 जुलाई के बाद पीएफ फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ की फसल का बीमा नहीं होगा।

### धान के लिए प्रति हेक्टेयर 1200

खरीफ सीजन 2025 के लिए तय किए गए प्रीमियम राशि के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर धान सिंचित के लिए 1200, धान असिंचित के लिए 900, मकई के लिए 920, सोयाबीन के लिए 880, मूंगफल्ली के लिए 840, तुअर के लिए 800, मूंग के लिए 580 और उड़द के लिए 600 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि जमा करनी होगी। ऐसे ही कोदो के लिए 440, कुटकी के लिए 440 और रागी के लिए 500 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि देनी होगी।



### दो फीसदी प्रीमियम देकर बीमा

ज्ञात हो कि हर साल की तरह ही इस बार भी दो फीसदी प्रीमियम राशि अदा कर किसान अपनी फसल का बीमा करा रहे हैं। बुवाई से लेकर कटाई तक अलग-अलग स्तर पर होने वाले नुकसान के लिए मुआवजे का प्रावधान है। ऐसे में बारिश, सूखे, कीड़ा लगने या किसी अन्य कारण से आपकी फसल को नुकसान पहुंचता है तो बीमा कंपनी से किसानों को प्रकरण बनाकर मुआवजा दिया जाता है। जिले में अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक राशि जमा कर दी है।

### अधिक बारिश से किसान परेशान

पिछले कुछ दिनों में जिले के अधिकांश इलाकों में भारी बारिश देखने को मिली है। हालत यह है कि खैरागढ़ से लेकर मोहला-मानपुर तक नदी-नाले उफान पर है। किसानों के खेतों में भी पानी भर गया है। हालांकि अब तक तो इस पानी से फसल को अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है, लेकिन यदि अगले 3 से 5 दिनों में मौसम नहीं खुला तो फसल पर असर दिखाई दे सकता है। यही कारण है कि किसान चिंतित हैं।

# एसपी कार्यालय पहुंचे आईजी लिया सालाना लेखा-जोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य ने मंगलवार को एसपी कार्यालय एवं लालबाग थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित पत्रों का शीघ्र निराकरण एवं शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या ना आने देने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य द्वारा वार्षिक निरीक्षण करने हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर उन्हें सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण किए एवं कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के समस्त प्रभारियों से रूबरू होकर उनके द्वारा संधारित दस्तावेजों का निरीक्षण किया। लंबित पत्र का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।



⏩ शेष पेज 14 पर

### थाना भवन का निरीक्षण

जिसके पश्चात थाना लालबाग जाकर थाना का निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा थाना के रिकार्ड रूम, शस्त्रागार, संधारित रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत, गुम इंसान, लंबित मर्ग, लंबित समंस, वारंट, मालखाना आदि का अवलोकन कर थाना की साफ-सफाई, जवानों की वेशभूषा को देखा। साथ ही थाना भवन का भी निरीक्षण किया।

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### माय एंगल




# गिरवीशुदा मकान का 7 लाख में सौदा कर धोखाधड़ी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आरोपी द्वारा प्रार्थी को गिरवीशुदा मकान का 7 लाख रुपए बयाना राशि लेकर धोखाधड़ी किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा लिखित शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि माह सितंबर-अक्टूबर 2024 में अमित पुष्करनाथ ठाकुर निवासी आशीर्वाद कॉलेनी कौरिनभांठा राजनांदगांव ने दलाल डिकेश्वर कुमार साहू पिता रिघुराम साहू के माध्यम से प्रार्थी से संपर्क कर अपना आशीर्वाद कॉलोनी कौरिनभांठा पटवारी हल्का नंबर 38 जिला राजनांदगांव में खसरा नंबर 496/87 रकबा 01.004 हे. भूमि को दिखाते मकान को 12 लाख रुपए में बेचना है, कहकर सौदा करते अपने भाई की तबीयत खराब होने और ईलाज के लिए रकम की आवश्यकता होना बताकर प्रार्थी से 7 लाख रुपए बयाना राशि मांगा। प्रार्थी ने चेक के माध्यम से आरोपी अमित पुष्करनाथ ठाकुर को बयाना राशि देते गवाहों के समक्ष 7 अक्टूबर 2024 को बिक्रीनामा तैयार करवाया और आरोपी द्वारा सौदाशुदा बाकी रकम 5 लाख रुपए 15 माह के भीतर देकर सौदाशुदा मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करवा सकता है।

### रायपुर में पकड़ाया आरोपी

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर फरार आरोपी के हर संभव ठिकाने की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि फरार आरोपी अमित पुष्करनाथ ठाकुर कमल विहार लालपुर रायपुर जिला रायपुर में किराये का मकान लेकर निवासरत है। सूचना पर तत्काल टीम रवाना कर आरोपी को रायपुर से हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

### राशि लेकर फरार था आरोपी

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले प्रार्थी जब उक्त मकान में जाकर देखा कि सौदाशुदा मकान के दरवाजे पर चोला मंडल फाइनेंस कंपनी का नोटिस चस्पा था, जिसे देखने पर प्रार्थी को पता चला कि अमित पुष्करनाथ ठाकुर द्वारा 20 लाख रुपए का होम लोन लिया है। जिससे उक्त मकान को गिरवी रखा है और अमित उस लोन का किस्त नहीं पटा रहा है। जिसके कारण चोला मंडम फाइनेंस कंपनी द्वारा सौदाशुदा मकान का लोन 2058930 रुपए बकाया है एवं उक्त मकान को चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी द्वारा कुर्की करने की चेतावनी दिया गया है। इस प्रकार आरोपी द्वारा प्रार्थी से गिरवीशुदा मकान को धोखाधड़ी करने की नीयत से प्रार्थी को बिक्री कर 7 लाख रुपए लेकर फरार हो गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




## परंपरागत तरीके से मना नाग पंचमी का त्यौहार

# अखाड़ों में शौर्य प्रदर्शन कर पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नागपंचमी पर्व के अवसर पर आज विधि-विधान से नागदेव की पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर विशेष रूप से अंचल के व्यायाम शालाओं और अखाड़ों में पूजा-अर्चना कर उस्तादों का सम्मान किया गया। अखाड़ों की शोभायात्रा भी निकाली गई और शौर्य का प्रदर्शन किया गया।

सावन माह में पर्वों का लगातार क्रम है। जिसके तहत मंगलवार को अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ नागपंचमी पर्व मनाया गया। इस मौके पर व्यायाम शालाओं एवं अखाड़ों में अस्त-शस्त्रों की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। अखाड़ों में पुराने उस्तादों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात अखाड़ों की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें युवाओं ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इस मौके पर पूर्व से ही अखाड़ों में साज-सजावट की गई थी। शहर के मोतीपुर, जमातपारा एवं बांसपाईपारा के अखाड़ों में नागपंचमी पर्व धूमधाम से बनाया गया।



### विविध आयोजन

पर्व के तहत बरई तम्बोली समाज महिला समूह केन्द्र क्रमांक 2 द्वारा भगवान नागदेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। वहीं चौरसिया समाज द्वारा भी पूजा-अर्चना का आयोजन कर शहर में बाजे-गाजे के साथ झांकी निकाली गई। पर्व पर गांव-गांव में विविध आयोजन किए गए। किसानों ने खेत-खलिहानों में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं फसल की सुरक्षा एवं घर-परिवार में खुशहाली की कामना की। घर-मंदिरों में भी नागपंचमी पर्व के अवसर पर श्रद्धा भक्ति के साथ लोगों ने पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा

**गंडई पंडरिया।** गंडई स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने कांवड यात्रा निकाली। यह यात्रा मां गंगई मंदिर प्रांगण से शुरू होकर टिकरीपारा वार्ड 14 में स्थित देऊर मंदिर तक गई। बच्चों ने भजन-कीर्तन करते हुए पैदल यात्रा पूरी की। इस दौरान कई बच्चे भगवान गणेश, शंकर और मां पार्वती के वेशभूषा में सजे हुए थे, जो आकर्षण का केंद्र रहे। दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने इस यात्रा में हिस्सा लिया। विद्यालय के आचार्य और दीदियों ने भी बच्चों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कांवड यात्रा समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### मुढीपार में किया पौधरोपण



**मुढ़ीपार।** मुढ़ीपार में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण किया गया। गांव के अमृत सरोवर के दोनो किनारे, प्राथमिक शाला में पौधे लगाए गए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अरूणा सिंह बनाकर, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम साहू, सरपंच उमेश साहू, सोसायटी अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा मौजूद थे। अतिथियों ने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधरोपण करने कहा। इस अवसर पर उप सरपंच, पंच खेम सिन्हा, शिवलाला साहू, घनश्याम सिन्हा, पंचू साहू, हरि साहू, खुमान देशलहरे, कांति साहू, खेमराज सेन, सुरेश साहू, टुमेश्वर, नागेन्द्र सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## सामानों की बिक्री में बड़ा खेल, शासन को लग रहा लाखों का चूना

# कृषि विभाग में गड़बड़झाला, जीएसटी पंजीयन बिना चल रही क्षेत्र में दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कृषि विभाग छुईखदान में इन दिनों भर्राशाही मची है। यहां जिम्मेदार अधिकारी नहीं होने के कारण कृषि समानों की बिक्री में बड़ा खेल चल रहा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कृषि समान विक्रय हेतु 218 रजिस्टर्ड दुकानें हैं। इन दुकानों को दवाई, खाद और बीज विक्रय करने अधिकृत किया गया है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत सारी दुकान संचालित हो रही है जिनके खिलाफ कृषि विभाग कार्यवाही नहीं कर रहा है। कहा तो यह जा रहा है कि अधिकारी कार्यवाही करने से डर रहे है है या उनके संरक्षण में दुकानें संचालित हो रही है। इन दुकानों में बिकने वाली दवाई, खाद, बीज उपकरण अधिकारियों की सांठगांठ से बेचा जा रहा है। जीएसटी पंजीयन की अनिवार्यता के बाद 218 दुकानों में से 100 से ज्यादा दुकानें बगैर पंजीयन के संचालित हो रही है। इस संबंध में कर्मचारियों से पूछने पर जवाब गोलमोल मिलता है।

सूचना के अधिकार के तहत मांगे गए दस्तावेज़ों में सब कुछ पारदर्शी और व्यवस्थित दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है जिससे शासन को लाखों का नुकसान हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक कई दुकाने बिना जीएसटी पंजीकरण के चल रही हैं। इन दुकानों में बीज, खाद, कीटनाशक आदि बिना बिल के बेची जा रही हैं।



### बगैर बिल के थमाया जा रहा सामान

बिना जीएसटी नंबर वाली दुकानों में ग्राहकों को बगैर बिल या कच्चे बिल में सामान दिया जा रहा है। अनियमितता को लेकर कृषि विभाग नींद में है और अधिकारी ऑफिस में बैठकर खाना पूर्ति कर रहे हैं। जिला निर्माण के बाद पुराने जिले के पते पर दुकान का संचालन दिखाया जा रहा है। लायसेंस को रिनिवल कर जिले में खैरागढ़ छुईखदान गंडई नहीं लिखा गया है।

# चिकित्सक के मिलने पर ग्रामीणों ने जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत बुन्देली के चिकित्सालय में चिकित्सक नही होने क्षेत्र के लोग सामान्य चिकित्सा लाभ के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं।

विगत माह जिला मुख्यालय में दिशा समिति की बैठक आहूत किया गया जिसमें सांसद संतोष पांडेय शामिल हुए। बैठक में ग्राम पंचायत बुन्देली के सरपंच दिवाकर सोनी एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने सांसद से प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में चिकित्सक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। सांसद ने समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए बुन्देली स्वास्थ केन्द्र में डा. जानवी कौशिक की नियुक्ति कराया। चिकित्सालय में चिकित्सक आने पर क्षेत्र के लोग काफी हर्षित और संतुष्ट हैं। दिवाकर सोनी ने कहा कि चिकित्सक नही होने से ग्राम एवं आसपास के लोग काफी परेशान हो रहे थे। चिकित्सालय होने के बाद भी लोगों को लाभ नहीं मिल रहा था। बीमारी के इलाज के लिए लंबी दूरी तय कर ब्लाक मुख्यालय जाना पड़ रहा था। अब लोगों को उम्मीद हैं कि उन्हें चिकित्सा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पंचायत एवं ग्रामीणों ने सांसद का आभार जताया है।

# कॉलेज में शिक्षकों की कमी, पढ़ाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर के एकमात्र शासकीय देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी के चलते छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन पर्याप्त शिक्षक न होने से छात्रों को दिक्कतें आ रही हैं। वर्तमान में महाविद्यालय में लगभग 1000 छात्र बीए, बीकॉम, बीएससी और एमए की पढ़ाई कर रहे हैं। इन छात्रों को पढ़ाने के लिए महाविद्यालय में केवल 5 नियमित शिक्षक हैं, जो कॉमर्स, पॉलिटिकल साइंस, हिंदी, फिजिक्स और केमिस्ट्री के हैं।

शिक्षकों की इस कमी को पूरा करने के लिए अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाती है। महाविद्यालय में कुल 13 अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जानी है, लेकिन अब तक केवल 8 अतिथि शिक्षकों की ही भर्ती हो पाई है। अभी भी 5 अतिथि शिक्षकों के पद खाली हैं, जिससे पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।




### प्रयास जारी

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने बताया कि कॉलेज में 13 अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती होनी थी, जिसमें से 8 की भर्ती हो चुकी है। वर्तमान में 5 सीटें खाली हैं, जिसके लिए विज्ञापन जारी किया गया है । मेरिट में आने वाले शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। मांग के अनुरूप आवेदन नहीं मिले तो पिछले अतिथि शिक्षकों को बुलाया जाएगा।

# बारिश से प्रधानपाठ बैराज की नहर क्षतिग्रस्त

- किसानों को नुकसान होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

मुढीपार के समीप प्रधानपाठ बैराज की नाली गत दिनों तेज बारिश से क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे दैहान के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के बाद पानी के बहाव और बैराज से पानी छोड़ने के कारण नहर में तेज गति से पानी बहने लगा और दैहान के समीप नहर क्षतिग्रस्त हो गई। नहर का पानी कई एकड़ खेतों में भर गया जिससे फसल भी नष्ट हो गई है।

ज्ञातव्य है कि बैराज निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व में काफी विवाद हुआ था। कई वर्षों से बांध का गेट क्षतिग्रस्त स्थिति में है। मामले के सुर्खियों में रहने और ग्रामीणों ने कई बार जिलाधीश सहित अधिकारियों और नेताओं को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है किंतु दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी। अब लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम के श्यामलाल, घनश्याम, राजेंद्र सहित अन्य किसानों ने सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। उन्होंने अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की थी। अब किसानों ने नहर के क्षतिग्रस्त होने के बाद फसल बर्बाद पर मुआवजा राशि देने की मांग की है।



### विभाग ने माना नुकसान हुआ

जल संसाधन विभाग के उप अभियंता लोकेश वर्मा ने बताया कि बीती रात तेज बारिश से बांध में 15 मीटर तक जल भराव हो गया था। बाढ़ की आशंका को देखते हुए रात्रि 3 बजे गेट खोले गए थे जिससे ग्राम दैहान में नहर क्षतिग्रस्त हो गई। किसानों के खेतों में पानी भर गया था।

# एचएसआरपी नंबर प्लेट शिविर 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से व्यापारियों एवं आम जनता के लिए नए सिस्टम की नंबर प्लेट लगाने 31 जुलाई को सिंधु भवन लालबाग में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

चेम्बर ऑफ कामर्स के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद एवं महामंत्री अरूण डुलानी ने बताया कि शासन के नए आदेशों के तहत 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। अतिरिक्त शुल्क एवं समय बचाने के लिए सभी व्यापारियों से निवेदन है कि इस महत्वपूर्ण शिविर का अवश्य लाभ लें। परिवहन विभाग द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मोटर साइकिल के लिए 484 रुपए एवं कार के लिए 774 रुपए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क को जमा कर नंबर प्लेट का आर्डर किया जाएगा।

शिविर का उद्घाटन चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख एवं पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी करेंगे। यह शिविर सिंधु भवन लालबाग में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जिसमें आवेदक को वाहन की आरसी बुक एवं वाहन मालिक का आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

# बाढ़ से बेहाल जनजीवन, विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बारिश के चलते बाढ़ की चपेट में आए वार्डों और वहॉ के रहवासियों से मिशन संडे टीम के साथ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने मुलाकात की। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुॅचकर उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात की उनका दर्द सुना और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

इस दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, नपा सीएमओ नरेश वर्मा, तहसीलदार सहित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बाढ़ प्रभावित लोगों ने विधायक के सामने खुलकर अपनी व्यथा रखी। खासकर इतवारी बाजार के व्यापारी और स्थानीय निवासियों ने बीते साल की बाढ़ में हुए लाखों रुपये के नुकसान की मुआवजा राशि अब तक नहीं मिलने की शिकायत की।

इस पर विधायक वर्मा ने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई और मुआवजा वितरण में तेजी लाने कहा। अधिकारियों ने बताया कि बीते साल के 177 बाढ़ प्रभावितो में से अब तक 48 को ही मुआवजा दिया गया है।

शेष प्रकरण राज्य शासन को भेजा गया हैं और जल्द ही उन्हें भी मुआवजा मिल जाएगा।



### सर्वे कराने कहा

विधायक श्रीमति वर्मा ने इस साल भी जिन लोगों को बाढ़ से नुकसान हुआ है उनका सर्वे कर राहत राशि प्रदान करने कहा। बाढ़ के तेज बहाव मे नाले में बहे युवक अमित यादव के घर पहुंचकर उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और शासन से मिलने वाली सहायता राशि प्रदान करने अधिकारियो को निर्देशित किया। इस दौरान मनराखन देवांगन, दीपक देवांगन, डॉ अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, राधे पटेल, यतेंद्रजीत सिंह छोटू, राजा सोलंकी, सूरज देवांगन, राहुल, सूरज महिलकर, भूपेंद्र वर्मा, हरी दर्शन सहित बड़ी संख्या में अन्य मौजूद थे।

# जादूगर दीप कुमार ने इंद्रजाल एवं माइम मैजिक दिखा दर्शकों को किया अचंभित



**राजनांदगांव।** गांधी सभागृह म्युनिसिपल हाईस्कूल राजनांदगांव में 25 जुलाई से विश्व के महानतम शो-मैन जादूगर दीप कुमार द्वारा संपूर्ण पारिवारिक जादुई शो दिखाया जा रहा है। सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर

पल-पल एक नया चमत्कार और नए-नए बदलते ड्रेस में जादूगर का मंच पर आना, तो कभी लड़की को मंच पर बुलाकर 10 फीट हवा में उड़ाया तो कभी सुंदर सी लड़की को 4 पार्ट में कर दिखाया, तो कभी खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया। कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे जबर्दस्त माइम मैजिक ऐक्ट देखकर सभी दर्शक आश्चर्यचकित रह गए।

यह शो कई जन संदेशों से भरा है। जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। यहां ऐसे ही अचरज में डाल देने वाले रोजाना दो शो 4 बजे एवं संध्या 7 बजे से दिखाए जाते हैं। रविवार एवं छुट्टी के दिन 3 शो दिखाया जाता है, 1 बजे, 4 बजे एवं संध्या 7 बजे से। प्रत्येक शो दो घंटे का होता है। जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिला करेगा, जादू-शो आयोजक रुद्रप्रताप सिंह ने बताया कि स्कूल एवं कोचिंग के बच्चों के लिए ग्रुप में देखने पर टिकट में भारी छूट दिया जा रहा है। स्कूल का स्पेशल शो सुबह 10 बजे से स्कूल की सुविधानुसार आयोजित किया जा रहा है।

# शाला भवन में टपक रहा पानी, बच्चे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

छुईखदान विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चकनार का जर्जर प्राथमिक शाला भवन की कोई सुध नहीं ले रहा है। विभाग और जनप्रतिनिधियों से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है जिसके चलते छत से पानी टपकते कक्ष में बैठकर छात्र पढ़ाई करने मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन लगभग दो दशक पुराना है जिसकी छत जर्जर हो गई है। बरसात होने पर छात्रों को पढ़ना मुश्किल हो जाता है। छत से बरसाती पानी टपकता है। छत का मलबा भी अनायास गिरते रहता है। ग्रामीण इस समस्या से शिक्षा एवं पंचायत विभाग को अवगत कराते हुए नए भवन की मांग कर चुके है। अब तक न पुराने भवन की मरम्मत हुई है और न नया भवन को स्वीकृति मिली है।



### किचन शेड भी जर्जर

विद्यालय में कीचन शेड को लेकर भी समस्या है। ग्रामीण एवं पालकों ने बताया कि यहां का किचन शेड़ भी जर्जर हो गया है। पानी पटकने से राशन भीग जाता है। पानी गिरने पर यहां भोजन पकाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने नया भवन निर्माण की मांग की है। सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने बताया कि जर्जर हो चुके शाला भवन की स्थिति से विभाग को अवगत कराया जा चुका है। जनप्रतिनिधियों से भी शाला भवन की मांग किया गया है। जल्द स्वीकृति मिलने का आश्वासन दिया गया है।

### बारिश होते ही छुट्टी

तेज बारिश होने के बाद छात्रों को छुट्टी देना पड़ जाता है। या फिर एक- दो कक्ष में पांच कक्षा के बच्चों को एक साथ बैठना पड़ता है। जर्जर भवन के चलते छात्रों के अध्यापन व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में विद्यालय द्वारा स्कूल की छत पर त्रिपाल लगाकर पानी रिसने से बचाने का प्रयास किया गया है।

## संगीत विवि में एंटी रैगिंग समिति गठित, पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष जितेन्द्र गौर को मिली जिम्मेदारी



**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि मे रैगिंग की रोकथाम को लेकर एंटी रैगिंग समिति का गठन किया है। समिति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है जिससे रैगिंग जैसी बुराई के विरुद्ध कारवाई की जा सके। समिति में पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौर को मीडिया प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया गया है। श्री गौर लगातार छात्रों की समस्याओं और सामाजिक सरोकारों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं और अब विवि मे महत्वपूर्ण दायित्व के साथ जुड़ने से रैगिंग विरोधी मुहिम को मीडिया के माध्यम से और मजबूती मिलने की उम्मीद है। डॉ. सौमित्र तिवारी प्रभारी कुलसचिव द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में 9 सदस्य नामित हैं जिनमें सिविल प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्थानीय मीडिया, सामाजिक संगठन, संकाय सदस्य, पालक, छात्र व अशैक्षणिक स्टाफ के प्रतिनिधि शामिल हैं। सिविल प्रशासन से तहसीलदार, पदेन सदस्य, पुलिस प्रशासन से एसडीओपी, मीडिया प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह गौर, गैर सरकारी युवा संगठन से शशांक ताम्रकार, संकाय से डॉ. देवमाईत मिंज, पालकों से खुमान यादव, वरिष्ठ छात्रा प्रतिनिधि कु. चांदनी पासवान, नवागत छात्र प्रतिनिधि समीर चंद साहू, अशैक्षणिक कर्मचारी प्रतिनिधि के रूप मे भुनेश्वरी ठाकुर का नाम शामिल है।

## निरंकारी जोनल महिला संत समागम आयोजित

**राजनांदगांव।** संत निरंकारी मंडल राजनांदगांव द्वारा 27 जुलाई को झूलेलाल नगर झूलेलाल धर्मशाला चौखड़ियापारा में जोनल स्तरीय जोनल महिला संत समागम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भोपाल (मप्र) से पूज्यनीय बहन निर्मला सोमानी ने बताया कि साध-संगत जी धन निरंकार हम जिस रूप में भी यहां बैठे है, हम सभी गुरसीख है ये तो व्यवस्था है, कोई गीत बोले तो, कोई विचार बोले कोई स्टेज पर विराजमान हो या सेवाओं में जो लगे हुए हो, साध-संगत जी ये सब गुरूमत की व्यवस्थाएं है, पर हम सब गुरसीख ही है चाहे वह कुर्सी पर बैठा हो या जमीन में बैठा हो या कहीं भी सेवा कर रहा हो, वह गुरू की रहमत, गुरू का प्यार ही ले रहा है। हम सभी को सद्गुरू माताजी ने जो इस परमपिता परमात्मा का ज्ञान दिया हुआ है। उसी ज्ञान का आसरा लेते किसी के खाने-पीने-पहनने पर, किसी की जाति को ना देखते हर इंसान के अंदर इस परमपिता परमात्मा का अंश है। इस अवसर पर परम पूज्य जोनल इंचार्ज गुरू बख्श सिंह कालरा ने कहा कि संत निरंकारी महिला संत समागम बहुत ही सुंदर प्यार और खुशियों से संपन्न हुआ। जिसमें भिलाई, रायपुर, खैरागढ़, कांकेर, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव की महिलाओं ने प्रोग्राम प्रस्तुत किए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

# कायस्थ महिला प्रकोष्ठ ने कराया सतरंगी सावन कार्यक्रम

**खैरागढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा सावन माह के उपलक्ष्य में सतरंगी सावन कार्यक्रम का आयोजन गोपीनाथ मंदिर परिसर में किया गया।

भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव के रंग को और भी गहरा कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ रायपुर अध्यक्ष अरुण लता श्रीवास्तव रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेनि अधिकारी संस्कृति विभाग, मंजू श्रीवास्तव, रामजानकी श्रीवास्तव, सेनि सहायक संचालक शिक्षा विभाग रश्मि खरे और सेनि कत्थक विभाग डीन संगीत विवि ज्योति बक्शी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में समृद्धि श्रीवास्तव को सावन क्वीन और लक्ष्मी श्रीवास्तव को सावन सुंदरी के खिताब से नवाजा गया।

इस अवसर पर अमिता श्रीवास्तव, नूपुर श्रीवास्तव, साक्षी बक्शी, गरिमा श्रीवास्तव, शीतल श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, रुचि बक्शी, अमिता सुलभ श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव, सुनीता बक्शी, सविता बक्शी सहित कायस्थ समाज की बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद थी।





## खबर संक्षेप

### उपदान राशि के लिए 14 साल से भटक रहा सेवानिवृत्त कर्मी



**डोंगरगांव।** जीवन का अमूल्य समय सरकारी सेवा में देते हुए रिटायर होने के बाद अधिकारियों दवारा अपने अधीनस्थ की उपेक्षा करने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त कर्मचारी बीते 14 साल से उपदान की राशि के लिए भटक रहा है। जानकारी के अनुसार विद्युत यांत्रिकी लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग दुर्ग के उपसंभाग राजनांदगांव में 27 जुलाई 1983 से चौकीदार के पद पर छोटेलाल ठाकुर पदस्थ थे। वह 31 दिसंबर 2011 तक कार्य करते हुए सेवानिवृत हो गए है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्हे अब तक उपदान की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने शीघ्र राशि भुगतान करने की मांग कार्यपालन अभियंता विद्युत यांत्रिकी लाईट मशीनरी नलकूप विभाग से की है।

### सोसायटी निर्माण का भूमिपूजन



**खड़गांव।** बिटाल में आने वाले दिनों धान खरीदी किया जाएगा। धान खरीदी के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पटेल हरकू साहू, सहकारी समिति प्रबंधक बीएस ठाकुर, सचिव एसआर भंडारी, भाजपा मंडल सदस्य बलवंत साहू, नागरिक टीएस गौर, पूरन साहू, किशोर कोठारी एवं ग्रामवासी शामिल हुए। ग्राम पटेल श्री साहू ने कहा कि ग्राम में धान खरीदी होने से सभी किसानों को लाभ मिलेगा और उन्होंने धान बेचने बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### स्कूली बच्चों ने मनाया नागपंचमी



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल खडगांव में मंगलवार को नागपंचमी मनाया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक, शाला नायक, शाला नायिका, कक्षा नायक नायिका सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे। नागपंचमी के मौके पर नाग की पूजा अर्चना कर छात्र छात्राओं को त्यौहार की विशेषता बताई गई। इस पर्व को लेकर छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल रहा। आयोजन के लिए छात्र छात्राओं ने स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### स्कूल में थाली वितरण



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला पुराना अछोली में सरपंच नंदकुमार साहू, पंच भागचंद वर्मा, सुप्रिया रानी गुप्ता ने कक्षा पहली से पाँचवी तक के 34 विद्यार्थियों को भोजन के लिए थाली एवं गिलास का वितरण किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक पीआर मेश्राम, शिक्षक उषा जंघेल उपस्थित थे।



### फूड जोन का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी मंदिर रोपवे परिसर में फ़ूड जोन का भूमिपूजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, पितांबर स्वामी, बबलू शांडिल्य सहित अन्य उपस्थित थे।



### भार्गव होंगे नए अनुविभागीय अधिकारी

**डोंगरगढ़।** दुर्ग में पदस्थ सहायक कलेक्टर एम भार्गव को अनुविभागीय अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया। इस आश का आदेश राज्यपाल के सचिव रजत कुमार ने जारी किया। हाल में ही जिलाधीश ने अनुविभागीय अधिकारी के पद पर अभिषेक तिवारी की नियुक्ति किया था।

### जयंती समारोह कल

**डोंगरगढ़।** श्री मां बम्लेष्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा 31 जुलाई को संत श्री गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे संत गोस्वामी तुलसी दास की विधिविधान से पूजन किया जाएगा। तत्पश्श्त 10 बजे से शाम तक भजन मंडलियों द्वारा रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन किया जाएगा। ट्रस्ट समिति ने सभी से उपस्थिति होने की अपील की है।

### सावन महोत्सव में थिरकी महिलाएं



**डोंगरगढ़।** योग वृक्ष ग्रुप ने केसरी नंदन लान में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में पौधरोपण किया गया। सावन के गीतों पर महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने सावन माह की विशेषता बताते हुए महिलाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने प्रेरित किया। योग वृक्ष ग्रुप की अध्यक्ष रूपा टेम्बुरकर ने संचालन किया। अंत में लीना साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संतोष बहेकर, सन्नी चिखले अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ग्रुप की महिलाओं ने नृत्य एवं सावन झूले का आनंद उठाया।



### न्यौता भोज का आयोजन

**रामाटोला।** सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में एचडी वर्मा ने अपनी बेटी काव्यांजलि वर्मा के जन्मदिन के मौके पर न्यौता भोज का आयोजन किया। शिशु मंदिर के सभी भैया बहनों को इस मौके पर खीर, पुडी, आलू चना सब्जी, केला, जलेबी खिलाया गया।

## संसाधनों की कमी से परेशान हो रहे अधिकारी

# तहसीलदार गए हड़ताल पर, राजस्व कार्य पटरी से उतरा, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

संसाधन की कमी से परेशान जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार 17 सूत्रीय मांगो को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए है। राजस्व अधिकारियों का आंदोलन बेमियादी होगा या 30 जुलाई को समाप्त हो जाएगा इसका निर्णय बुधवार को प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन के बाद तय होगा। तहसीलदारों की हड़ताल के चलते राजस्व विभाग के समस्त कार्य पटरी से उतर गए हैं।

जानकारी के अनुसार जिले के अधीन आने वाली अंबागढ चौकी, मोहला, मानपुर, खडगांव एवं औंधी तहसील के तहसीलदार 17 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल पर चले गए है। हड़ताल के कारण किसानों सहित आम लोगों को विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आव्हान पर जिले के तहसीलदार 28 से 30 जुलाई तक हडताल पर रहेंगे। तहसीलदारों ने 28 जुलाई को जिला मुख्यालय एवं 29 जुलाई को संभाग मुख्यालय में 17 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। कल 30 जुलाई को रायपुर में प्रदर्शन किया जाएगा। कल ही यह तय हो जाएगा कि यह आगे चलेगा या या समाप्त होगा। इधर राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से तहसील कार्यालयो में कामकाज पटरी से उतर गया है। सोमवार और मंगलवार को राजस्व विभाग से जुडे कार्य लेकर तहसील कार्यालय पहुंचने वाले ग्रामीणो को भटकते देखा गया। ठेठवार लंझिया से आए मयाराम कौशिक, मदन कोमरे, मोगरा के पन्ना दाउ, भनसुला के डेरहाराम मेश्राम ने बताया कि हड़ताल के चलते उनका काम अटक गया है। उन्हे बिना काम कराए लौटना पड़ा।




### जिला मुख्यालय में धरना

जिला मुख्यालय मोहला में सोमवार को जिले के तहसीलदारों ने17 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।प्रदर्शन में तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, नेहा विश्वकर्मा, दिनेश साहू, आशीष राज एवं नायब तहसीलदार शामिल हुए।

### नहीं बने प्रमाण पत्र

तहसीलदारों की हड़ताल से राजस्व विभाग से जुडे कई कार्य प्रभावित हुए। तहसील कार्यालयों में तहसीलदार की गैर मौजुदगी में लोग आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटकते रहे। कई लोगो का नामांतरण बटवारा से जुड़ा कार्य नहीं हुआ। बताया जाता है कि हड़ताल से न्यायालयीन कार्य भी प्रभावित हो गए। वही फार्मर रजिस्ट्री डिजिटल फसल सर्वे कार्य भी रूक गया है।

## स्कूली बच्चों को महिला रक्षा टीम ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय प्राथमिक शाला सिंघोला में महिला रक्षा टीम द्वारा स्कूली बच्चों को गुड टच-बैड टच एवं बाल अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

- गुड टच-बेड टच एवं बाल अपराधों के प्रति बच्चों को किया जागरूक

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर के पर्यवेक्षण में 28 जुलाई को अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत महिला रक्षा टीम द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सिंघोला में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को गुड टच और बैड टच की पहचान, स्व-सुरक्षा के उपाय तथा बाल यौन अपराधों के प्रति सचेत किया गया। जिससे बच्चे अपने शरीर की सीमाओं को समझ सकें। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति से दूरी बनाए रखना, अकेले कहीं न जाना आदि के बारे में जागरूक किया गया।

इस मौके पर शासकीय प्राथमिक शाला सिंघोला प्रधान पाठक सेवती साव व स्कूली टीचरगण, स्कूली बच्चे एवं रक्षा टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक शारदा बंजारे, म.आर. रेणु मेश्राम, कौशिल्य साहू, आरक्षक अमित कुमार, आरक्षक पुरन वर्मा एवं अन्य उपस्थिति थे।

## आत्मानंद स्कूल के बच्चों को नहीं मिली किताबें, पढ़ाई बाधित, परीक्षा भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के छात्रों को जुलाई माह के अंत तक पुस्तकें नहीं मिली है। पुस्तकों के अभाव में छात्रों की पढ़ाई अब तक गति नहीं पकड़ पाई है जिससे छात्रों और पालकों में रोष व्याप्त है। नगर के पीयूष दुबे ने बताया कि उनका पुत्र वियांन दुबे कक्षा छठवीं का छात्र है जिसे विज्ञान, संस्कृत एवं सामाजिक विज्ञान की पुस्तक मिली है। अंग्रेजी मीडियम की कक्षा पहली से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को विषय वार पुस्तक नहीं मिली है। आधी पुस्तकें मिलने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। पुस्तकों के अभाव में टेस्ट परीक्षा भी अटक गई है जबकि माह अगस्त में टेस्ट परीक्षा होना है।



### व्यवस्था सुधार का प्रयास

प्राचार्य प्रशांत बंजारे ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिन छात्र छात्राओं को पुस्तक नहीं मिली है उन्हे शीघ्र ही पुस्तक प्रदान किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल को स्कूल की समस्याओं से अवगत करा दिया गया है। ज्ञापन सौप कर मुख्यालय में नहीं रहने वाले शिक्षकों की जानकारी मांगी गई है

### मुख्यालय में नहीं रहते शिक्षक

पालक पीतांबर निषाद ने शिक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने की मांग करते हुए बताया कि समय सारणी अनुसार पढ़ाई के लिए शिक्षकों का मुख्यालय में रहना आवश्यक है। नोहेंद्र सिन्हा ने बताया कि हिंदी अंग्रेजी मीडियम की कक्षाएं अलग-अलग शिफ्ट में चल रही है। अंग्रेजी मीडियम के लिए नवीन भवन बनकर तैयार है। जिलाधीश सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने विगत दिनों स्कूल का निरीक्षण कर फर्नीचर की व्यवस्था करने के निर्देश दिया है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केशव जंघेल ने डोनेशन से स्कूल में सीसीटीवी लगाने की बात कही है जिससे सुरक्षा मजबूत हो सके। पूर्व सरपंच फूलमती जय कुमार वर्मा ने स्कूल की स्वच्छता पर जोर दिया।नगर के छन्नू आडिल, दिलीप पटेल, गंगेश्वर वर्मा, दौलत देवांगन ने शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया है।

## उपासना में अभिमान नहीं होना चाहिए, इससे पुण्य का क्षय होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंडारपुर

ढारा के महामाया मंदिर प्रांगण में 25 से 29 जुलाई तक श्री शिव महापुराण संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। पहले दिन भगवान आशुतोष का मंगलाचरण किया गया। इस मौके पर पं. मनोज शर्मा ने बताया कि शिव पुराण का उद्देश्य तमसो मॉ ज्योर्तिगमय अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर हैं चलो का दिग्दर्शन कराना है। पं शर्मा ने देवी चंचुला, देवराज की कथा में कहा कि दोनों भक्त नही थे परन्तु अंतिम समय मे दैवकृपा से शिव कथा का सानिध्य मिला जो मुक्ति का कारण बना। शिव साक्षात ज्योतिर्मय चिदानंद है जो मनुष्य के अविद्या रूपी अंधकार को दूर करते हैं।

इस कलिकाल में शिव अराधना ही अंतिम विकल्प मानव जीवन को सुवासित करने का। उन्होंने कहा कि उपसना में अभिमान नही होना चाहिए क्योंकि इससे मनुष्य के पुण्य का क्षय होता है।

- ढारा के महामाया मंदिर प्रांगण में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन



### अहंकार से मोह का जन्म

उन्होंने कहा कि शिव कथा जन मानस को सावधान करती है क्योंकि मनुष्य लौकिक सुख की कामना मे बिना लक्ष्य के दौड़ रहा है। नारायण के सदैव सानिध्य रहने पर भी ब्रम्हर्षि नारद को मोह हुआ जो दुख का कारण है। नारद को यह भ्रम था कि तपस्या से उन्होंने काम क्रोध पर विजय पा लिया और वह भगवान शिव से तुलना करने लगे जबकि उन्होंने केवल काम को जीता था क्रोध को नहीं। पं शर्मा ने तीसरे दिन ऊं की महिमा वर्णन किया। ऊं नमः शिवाय को कल्याणकारी मंत्र बताते हुए कहा कि श्रावण मास में शिव के पार्थिव लिंग की पूजा, जप ,उपासना फलदाई होती है।

## शिशु मंदिर में मनाई नाग पंचमी



**मुसरा।** ग्राम में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में नागपंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगदास साहू, व्यवस्थापक होमलाल वर्मा एवं प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

तत्पश्चात विद्यालय के आचार्य दीदियों एवं विद्यालय के भैया बहनों ने पूजा अर्चना किया। पर्व के महत्व पर प्रधानाचार्य ने प्रकाश डाला। विद्या वैष्णव ने गीत एवं भजन प्रस्तुत किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कार्यालय प्रमुख भागवत पटेल, परीक्षा प्रमुख भुखनलाल वर्मा, पारथ बंजारे, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, भानेश्वरी उईके, डोमेश्वरी पैकरा, केसरी साहू, यामिनी लिल्हारे, निधि वर्मा एवं अभिभावक शामिल हुए।

### पदुमतरा में 2 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा

**राजनांदगांव।** श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति, महिला मंडल एवं भागवत समिति पदुमतरा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 2 जनवरी 2026 से ग्राम पदुमतरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य आयोजन में प्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं. युवराज पांडे (जगन्नाथ मंदिर, अमलीपदर गरियाबंद वाले) अपने मधुर वाणी से भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की अमृतधारा से सराबोर करेंगे। कथा आयोजन के लिए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा उन्हें विधिवत आमंत्रण दिया गया था, जिसे उन्होंने सहमति के साथ स्वीकार कर लिया है। ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि कथा आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। पं. युवराज पांडे के आगमन से ग्राम पदुमतरा में धार्मिक चेतना का संचार होगा। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति एवं महिला मंडल एवं ग्रामवासी इस आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## शिशु मंदिर के आचार्यों को आवर्ती प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का नवीन दीदियों के स्वः परिचय पश्चात दीप प्रज्जवन से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभाग समन्वयक दीपक यादव, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, उत्तम नागमोते आदि मौजूद थे।



डिकेश साहू ने वार्षिक गीत का अभ्यास कराया। प्रथम सत्र में बोधन भारद्वाज एवं सुरेश वैष्णव ने वंदना सत्र एवं अभ्यास पश्चात प्रत्येक आचार्यों की वन्दना का स्वरलय उच्चारण परीक्षण एवं त्रुटि समीक्षा करते हुए सुझाव दिया। द्वितीय सत्र में सौरभ फुले ने समता वर्तन एवं आज्ञा आदि का अभ्यास कराया। तृतीय सत्र में दीपक यादव ने उत्कृष्ट विद्यालय के आचार्य, लक्ष्य, इपीएफ तथा इएसआईसी की मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। भोजनावकाश पश्चात चतुर्थ सत्र में बोधन ने पंचपदी शिक्षण के साथ आचार्य दैनंदिनी नियोजन अपलेखन की जानकारी दी। इसी क्रम में वैदिक गणित के बारे में बताया गया। इसी क्रम में विनोद ताम्रकार, अमिता जैन, प्रिया, झुम्पा मंडल, बोधन भारद्वाज, लता सोनकर, दिव्या धुर्वे ने उपयोगी जानकारी दी। समापन अवसर पर थैलेष साहू ने आवर्ती प्रशिक्षण के औचित्य पर प्रकाश डाला। समापन शांति पाठ से हुआ। पर्यवेक्षण एवं संचालन सुरेश वैष्णव ने किया।

## अखंड रामायण पाठ एवं रुद्राभिषेक का आयोजन

# शिवधाम में 24 घंटे तक राम नाम की रही गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

श्रद्धा मानस मंडली ने अखण्ड रामायण पाठ एवं रूद्राभिषेक का आयोजन किया। इस दौरान शिवधाम में भक्त दो दिन तक भगवान राम एवं शिव का भजन कीर्तन करते हुए झूमते गाते नजर आए। नगर के वार्ड 4 स्थित शिवधाम में अखंड रामायाण एवं रूद्राभिषेक में बड़ी संख्या में शिव एवं राम भक्त शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार श्रद्धा महिला मानस मंडली द्वारा पिछले 12 वर्श से सावन माह में अखंड रामयाण पाठ एवं रूद्राभिषक का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन की शुरूवात शनिवार को हुई और कार्यक्रम रविवार शाम तक चला। ट्रायबल कालोनी स्थित शिवधाम में आयोजित अखंड रामायण पाठ में सैकड़ो लोग शामिल हुए। रामायण पाठ के बाद रूद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम में पं. गिरधर प्रसाद पांडे, श्रद्धा मानस मंडली की अध्यक्ष रामेश्वरीदेवी सुपेत, मुन्नालाल सुपेत, पूर्णिमा यादव, सुषमा त्रिपाठी, मिथिलेश रंगारे, नेहा खंडेलवाल, रीना बाजपेयी, विभा त्रिपाठी, चेतना, शुभा साहू, दुर्गा साहू, धमिनी साहू, अनिमा वर्मा, मनिता यादव, लता दुधनाग, बसंती अडभैया, कांति करभाल, कांति नायक, संगीता उर्वशा, दुरमा साहू, दुग्धी साहू, अनिता परिहार, संध्या यादव, मायादेवी बाजपेयी, चंदा साहू, कुंजलता हरमुख शैल त्रिपाठी, कल्पना, रचना खंडेलवाल, आजंनेय मानस पविवार सहित बडी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

रामायण पाठ एवं रूद्राभिषक में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने भी हिस्सा लिया।




### परिसर में बेल का रोपण

आयोजन के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धा मानस मंडली के सदस्यों ने बेल के पौधों का रोपण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने भी महिलाओं के साथ शिवधाम परिसर में बेल पौधे का रोपण किया। नगर अध्यक्ष ने सदस्यों से पौधे को सुरक्षित रखने की अपील की।

## मुकुट सप्तमी 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज की शिष्या आर्यिका श्वेत मति माता एवं विदेह मति माता के सानिध्य में दिगम्बर जैन मंदिर में तीर्थंकर 1008 श्री पारसनाथ भगवान जी का निर्वाण महोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। मुकुट सप्तमी के मौके पर 31 जुलाई को प्रातः 6:30 बजे से दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक एवं शांतिधारा होगी। मंगल प्रवचन के साथ 23 किलो का विशाल निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर लाडू बनाओ-सजाओ प्रतियोगिता रखा गया है।

### नागपंचमी श्रद्धा से मनाया गया

**रामाटोला।** सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में नाग पंचमी श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात में नाग देवता की पूजा अर्चना किया गया। आचार्य और दीदियों ने नाग देवता के बारे में विचार व्यक्त किए। भजन गीत भी भैया बहनों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार नंदेश्वर, दीदी गायत्री वर्मा, हेमा वर्मा, संजना साहू, ओमा कंवर, यामिनी तिवारी, करूणा वर्मा शामिल हुई।

## सार समाचार

### पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत सुंदरा में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मैदान में फिजीकल की तैयारी कर रहे बच्चों से मिलने पहुंचे। बच्चों ने पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने बच्चों के दैनिक तैयारी के बारे में चर्चा की। सुंदरा ग्राउंड से कितने बच्चे नौकरी में लगे हैं, कितने बच्चे खेलो इंडिया में गए हैं। साथ में कितने बच्चे नेशनल खेले हैं। जानकारी प्राप्त किया। साथ में सुंदरा में 400 मीटर का रनिंग ट्रैक है, उसको आने वाले दिनों में कैसे बेहतर किया जाए, इसका चिंतन किया।

इस प्रकार के जितने भी ग्राउंड है, ग्रामीण क्षेत्र में उनको भी युवाओं के लिए डेवलोपमेन्ट करने की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर, कृष्णा साहू मंडल कोषाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, गोविंद देवांगन, तेजराम देवांगन, दिनेश शर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, पंच अमर दास, धर्मेंद्र यादव, लीलेश साहू, निक्की वैष्णव, बुधेश्वर साहू, प्रेम साहू, ट्रेनर कामता प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अंकिता वर्मा का भारतीय ड्यूबाल टीम में चयन



**राजनांदगांव।** साउथ एशियन ड्यूबल चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन ड्यूबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तमिलनाडु ड्यूबाल एसोसिएशन एवं अलगप्पा युनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन द्वारा 16 से 18 अगस्त तक अलगप्पा यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन करायकुडी तमिलनाडु में किया जा रहा है। साउथ एशियन ड्यूबाल चैम्पियनशिप में एशिया महाद्वीप की 6 टीमें इंडिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव्स, अफगानिस्तान एवं नेपाल की राष्ट्रीय पुरूष एवं महिला टीम शिरकत करेगी। चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य ड्यूबाल महिला टीम की सीनियर खिलाड़ी अंकिता वर्मा का चयन भारतीय ड्यूबॉल टीम में हुआ। अंकिता वर्मा मंजीत वर्मा एवं श्रीमती सुनीता वर्मा की पुत्री है। अंकिता राजनांदगांव जिले के टांकापारा की रहने वाली एवं नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री की स्पोर्ट्स टीचर है।

**10 को होगी रवाना-** अंकिता के कोच जयेश मुदलियार ने बताया कि वह कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ ड्यूबॉल महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश ड्यूबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव श्रीकांत दास गुप्ता, संयुक्त सचिव तरुण भास्कर गुप्ता एवं सभी पदाधिकारियों ने अंकिता को भारतीय ड्यूबॉल टीम में चयनित किए जाने हेतु बधाईयां दी। भारतीय दल 10 अगस्त को तमिलनाडु के लिए रवाना होगी।

### इंतारा किआ का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** भाजपा कार्यालय के बाजू में 29 जुलाई को इंतारा किआ का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर डीलर प्रिंसिपल प्रशांत मंधान के अनुज करन मंधान साथ ही इंतारा किआ के सेल्स हेड वेदप्रकाश वर्मा और राजनांदगांव के ब्रांच हेड करन कन्नौजे एवं समस्त नेशनलाइज और प्राइवेट बैंक के सभी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। ग्राहकों के लिए सोनेट, सेल्टोस, सिरोस, कैरेंस क्लैविस, कार्निवल जैसी प्रीमियम गाड़ियां उपलब्ध रहेगी।

## ग्रामीणों और मवेशियों का किया रेस्क्यू

# बाढ़ में फंसे गांव के लोगों को पुलिस ने सुरक्षित बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह में लगातार बारिश का दौर है। ऐसे में जिले के नदी-नालियों में उफान है। ग्राम घोटिया में एक घर बाढ़ में बह जाने की सूचना पर पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर परिवार के पांच सदस्यों को सकुशल बाढ़ से बाहर निकाला। वहीं बांकल में एक घर के तीन सदस्यों को भानपुरी नदी से रेस्क्यू किया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों के प्रभारियों को बारिश के दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने और वस्तु स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए थे।



### नदी किनारे जाने से बचे

राजनांदगांव पुलिस ने अपील की है कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में जाकर वीडियो या रील बनाने से बचे तथा रील बनाने के चक्कर में अपनी जिंदगी को जोखिम में न डाले।

### एसडीआरएफ का भी प्रयास

इसी प्रकार थाना लालबाग पुलिस द्वारा ग्राम बाकल में एक घर के तीन सदस्यों द्वारा भानपुरी नदी में फंसा हुआ था, जिसे एसडीआरएफ टीम के सहयोग से सही सलामत बाहर निकाला गया। साथ ही थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम धीरी में कृषि कार्य के लिए गए युवक शिवनाथ नदी के बहाव में फंसा था, जिसे सोमनी पुलिस द्वारा सुरक्षित निकाला गया।

### नाला में थी बाढ़ की स्थिति, मवेशियों को भी बचाया

जिसके तहत 26 जुलाई के सुबह 4 बजे ग्राम घोटिया के सरपंच ने मोबाइल से सूचना दिया कि ग्राम घोटिया में रात्रि में तेज बारिश होने से घोटिया नाला में बहुत ज्यादा बाढ़ की स्थिति होने से गांव के 12-15 घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है तथा एक घर बाढ़ में बह जाने से उनके परिवार के पांच लोग नाला के बीच में ट्रैक्टर के इंजन में बैठकर सहारा लिए हुए हैं। बचाव दल की आवश्यकता है, सूचना मिलने पर पुलिस चौकी मोहारा प्रभारी ढालसिंह साहू के नेतृत्व में हमराह बचाव दल ग्राम घोटिया पहुंचकर बाढ़ की हालत को आंकलन कर ग्रामीण के घरों से रस्सी, बांस की लकड़ी लेकर नाले के तेज बहाव के मध्य से गुजरकर बाढ़ मे फंसे लोगों के बीच पहुंचकर नाले के तेज बहाव के कारण घर के बह जाने से नीचे दबे हुए चार जिंदा व दो मृत मवेशियों को निकालकर बाढ़ में फंसे राधेलाल नेताम और उनके परिवार के पांच सदस्यों तथा जीवित मवेशियों को रेस्क्यू कर बाहर निकालकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया।

# रासेयो का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व ग्रामीण सहयोग के तत्वावधान में 24 जुलाई को हरेली त्यौहार के दिन प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन व रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे के निर्देशन में गोद ग्राम रामपुर में नियमित गतिविधि के तहत विभिन्न देशी खेलों व जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

खेल प्रतियोगिता महिलाओं के लिए आयोजित किया गया। जिसमें गोली-चम्मच, आलू दौड़, सुई धागा, मटका फोड़, कुर्सी दौड़, प्रश्नोत्तरी, जनऊला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने विशेष रूचि लेकर सहभागिता की। डॉ. एसआर कन्नोजे ने विशेष संगोष्ठी में ग्रामीण जनमानस को नशे के दुष्प्रभाव, पर्यावरण संरक्षण के तहत प्लास्टिक उन्मूलन व वृक्षारोपण के महत्व बताए। पानी का संरक्षण व महिला उत्थान पर चर्चा किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि यतीश सिन्हा व विशेष अतिथि किशार यादव एवं अध्यक्षता दुधेराम साहू ने किया। किशोर यादव ने पुरस्कार की व्यवस्था अपनी ओर से की। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया व आने वाले समय में खेल का बड़ा आयोजन करने की बात कहा। यतीश सिन्हा ने कार्यक्रमों की प्रशंसा की व पूर्ण सहयोग देते सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम के पंचगण, महिला समूह, ग्रामीण जनमानस, रासेयो के स्वयं सेवकों युगल साहू दलनायक, संकेत साहू उप-दलनायक, मिथलेश साहू पूर्व दलनायक, ललित, लक्ष्य धर्मी, चुम्मन सिन्हा, कल्याण सिंह का विशेष सहयोग रहा।

### जिले में अब तक 3744.1 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 3744.1 मिमी बारिश एवं औसत 534.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 665.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 525.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 673.4 मिमी, घुमका तहसील में 548 मिमी, छुरिया तहसील में 441.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 420.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 469.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 673.4 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह मंगलवार को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 48.3 मिमी एवं औसत 6.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 12.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 4.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 10.1 मिमी, घुमका तहसील में 13 मिमी, छुरिया तहसील में 5.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 1.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 1.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा घुमका तहसील में 13 मिमी दर्ज की गई है।

### प्रशांत का प्रयास के लिए चयन



**राजनांदगांव।** शा.पूर्व मा. शाला मोखला संकुल भर्रेगांव के छात्र प्रशांत कुमार साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर में हुआ है। प्रशांत शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। प्रशांत के पिता मदनलाल साहू वर्तमान में ग्राम पंचायत मोखला के उपसरपंच है। पिछले वर्ष भी इस संस्था से एक छात्रा का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ था। उक्त छात्र के चयनित होने पर एसके मेश्राम, देवकुमार साहू, संगीता साहू, श्रीमती चुम्मन साहू, अमरीका साहू, डीडी साहू, डीके चंद्राकर, डीके नामदेव, आरके यादव, प्रीति चतुर्वेदी, तुलदास, तेजराम, घनश्याम, टिकेश्वर, रूखमणी, पुष्पा, जिनेश्वरी, खिलेश्वरी, ज्योति, नगीना ने बधाई दी।

# आम आदमी पार्टी की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन शहर के सतनाम भवन में किया गया। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्य विस्तार और आगामी दिनों में पार्टी की रणनीति को लेकर चर्चा की गई।

आम आदमी पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेशभर में संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए जिला स्तर पर बैठकों के आयोजन के साथ ही सदस्यता अभियान चलाने योजना बनाई जा रही है। बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर ने बताया कि संगठन को सक्रिय करने, नए सदस्यों से परिचय प्राप्त करने यह बैठक की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में हर जिले में संगठन की सदस्यता अभियान को लेकर जिला यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संगठन के रिक्त पदों को लेकर कहा कि प्रदेश और जिला स्तर पर संगठन के काफी पद अभी रिक्त हैं, जिस पर जल्द ही नियुक्ति के लिए विचार-विमर्श किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संदीप विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में संगठन द्वारा जनहित के मुद्दों को लेकर किए जाने वाले आंदोलन और संगठन को सक्रिय करने के लिए बैठक के माध्यम से चर्चा की गई है।

### पार्टी की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान

बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों ने स्थानीय कार्यकर्ताओं को जनहित के मुद्दों पर कार्य करने संबोधित किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के मजबूती के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने और पार्टी को शहर एवं जिला स्तर पर जनहित आंदोलन के माध्यम से सक्रिय करने चार्ज किया।

### संगठन का विस्तार

छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजनीति में तीसरे विकल्प को लेकर आम आदमी पार्टी एक बार फिर सक्रिय होती दिखाई दे रही है। अब प्रदेशभर में संगठन को मजबूत करने बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जोड़ने स्थानीय नेताओं को लक्ष्य दिया गया है। पार्टी के जिला स्तरीय बैठक में आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रभारी भूपेंद्र तिवारी, रविता लकड़ा, राजेंद्र सोनी, कमलेश स्वर्णकार सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बोधगया टेंपल एक्ट को निरस्त करने एक माह से चल रहा धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थल बोधगया मंदिर का पूरा प्रबंध बौद्धों को सौंपे जाने की मांग करते बौद्ध समाज द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने बीते 1 जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह का महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन चलाया जा रहा है। इस आंदोलन में प्रतिदिन 12 घंटे सुबह 6 से शाम 6 बजे तक बौद्ध भिक्षु और समाज के अनुयायी शामिल हो रहे हैं।

बोधगया टेंपल एक्ट 1949 को असंवैधानिक कानून बताते हुए इस कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर संवैधानिक तरीके से बौद्ध समाज द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम, छत्तीसगढ़ भिक्खु संघ, भारतीय बौद्ध महासभा, बौद्ध कल्याण समिति एवं महिला सशक्तिकरण संघ के बैनर तले उक्त आंदोलन चलाया जा रहा है। प्रतिदिन धरना स्थल पर पहले प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होकर बुद्ध वंदना करते हैं और इसके बाद फिर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाता है।



### केन्द्र और राज्य सरकार से मांग

आंदोलन के मुख्य संयोजक भिक्खु धम्मतप ने कहा कि जैसे सभी समाज के तीर्थ स्थलों में केवल उनके समाज के ही लोग शामिल रहते हैं। इसी तरह बोधगया में भी पूर्ण प्रबंधन का कार्य बुद्धिष्ट को ही सौंपा जाए। उन्होंने कहा कि महाबोधि महाबिहार मुक्ति आंदोलन 134 साल से चल रहा है। 58 साल बाद बीटी एक्ट बनाया गया। जिसमें फैसला आया कि प्रबंधन कमेटी में चार बौद्ध, चार हिंदू और एक पदेन कलेक्टर अध्यक्ष रहेगा, जो हमें स्वीकार नहीं है। हम केन्द्र सरकार, बिहार सरकार सहित सभी सरकारों से हमारे आध्यात्मिक धरोहर को मुक्त करने की मांग कर रहे हैं।

### बीटी एक्ट खत्म करने की मांग

अपनी इस प्रमुख मांग को लेकर एक महीने से बौद्ध भिक्षुओं के साथ समाज के लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि बीटी एक्ट यानी बोधगया टेंपल एक्ट 1949 को खत्म किया जाए। इस एक्ट के तहत बनने वाली बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी में बौद्धों के साथ दूसरे धर्म-समाज के लोगों को सदस्य बनाने का प्रावधान है। जिसका विरोध इस आंदोलन के माध्यम से किया जा रहा है।

# भूल से भी ना करें निंदा



**राजनांदगांव।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य जैन मुनि वीरभद्र ने कहा कि भूल से भी किसी की निंदा ना करें। जरूरत पड़े तो सामने बोल दें, किंतु निंदा ना करें। निंदा करने वाला व्यक्ति निश्चित तौर पर नरक जाता है। मुनिश्री ने कहा कि दूसरे में दोष देखना ही नहीं चाहिए।

मुनिश्री वीरभद्र ने आज यहां जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन में उक्त उदगार प्रकट करते कहा कि जिस किसी के लिए भी निंदा निकलती है, निश्चित है कि उसके प्रति हमारे मन में सद्भाव तो नहीं है। यह महादुर्गुण है। उन्होंने कहा कि हम किसी की निंदा करते हैं तो निश्चित तौर पर वह दुर्गुण हमारे मन में आएगा ही। हमें गुण देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि माया मिश्रावाद अर्थात मन में कुछ और बाहर कुछ और जैसी स्थिति रहने से पाप होता है। व्यक्ति अच्छा दिखने की कोशिश करता है, लेकिन इससे कल्याण नहीं होने वाला। सदा सरल रहे तो मोक्ष का मार्ग आसानी से मिलेगा। जैन मुनि वीरभद्र ने कहा कि एक-एक कर अपने भीतर के अवगुणों को त्याग करें तो आत्म कल्याण के मार्ग की ओर निश्चय ही बढ़ेंगे। हमारे भीतर के अवगुण खत्म ही नहीं हो रहे, फिर हम अपने गुणों को निखारेंगे कैसे? जब तक अंदर के अवगुण साफ नहीं होंगे, तब तक हम आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ नहीं पाएंगे। मिथ्यावाद सबसे बड़ा पाप है। हमने अन्य ज्ञान प्राप्त करने जितनी मेहनत की है, इतनी मेहनत आध्यात्म ज्ञान प्राप्त करने नहीं की। आज भी हम अज्ञानता से बाहर नहीं आए हैं। एक मिस अंडरस्टैंडिंग के कारण हम भटक रहे हैं। यह स्थिति आत्मज्ञान नहीं होने के कारण उत्पन्न हुई है। धर्म जिस दिन समझ में आएगा, हम स्वयं ही मोक्ष द्वार की ओर बढ़ जाएंगे।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा गौरीनगर राजनांदगांव निवासी नूर खां पठान के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन टाटा ट्रक 1412 सीआरएक्स क्रमांक सीजी 08 एएच 3670 को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त होने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन की नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई करते प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल किया जाएगा। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

पृष्ठ 11 का शेष

### एसपी कार्यालय पहुंचे...

अधिकारी-कर्मचारियों से पूछी समस्या- महानिरीक्षक द्वारा लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखने समझाईश दिया गया। जवानों को नवीन आपराधिक कानून की जानकारी होना अति आवश्यक है बताया गया। साथ ही थाना लालबाग में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछकर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखा के प्रभारी एवं कार्यालयीन स्टाफ, थाना लालबाग से निरीक्षक रमेश साहू एवं थाना स्टाफ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई निर्णय

# रेडक्रॉस सोसायटी से होगी शहर में ब्लड बैंक की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी अध्यक्ष डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में गत दिनों कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर भुरे ने कहा कि रेडक्रास मानवता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाली संस्था है। जिले में रेडक्रास की सदस्यता बढ़ाने अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने ब्लड बैंक के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएमएफ से ब्लड बैंक के लिए मशीन खरीदने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि रेडक्रास कार्यालय के लिए भूमि एवं भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान रेडक्रास की आय बढ़ाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि सदस्यता अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिकों को रेडक्रास सोसायटी से जुडने प्रेरित करें। उन्होंने जूनियर एवं यूथ रेडक्रास गतिविधि, जिले में जनौषधि केन्द्र, निक्षय मित्र अभियान में रेडक्रास द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी एवं गतिविधियों एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए।



### बैठक में थे शामिल

बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकरी प्रवास सिंह बघेल, सिविल सर्जन डॉ. यूके चंद्रवंशी, अशोक चौधरी, उदयाचल से अशोक मोदी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पाण्डेय, हलीम बख्श गाजी, सुशील जैन, शारदा तिवारी, करूणा रावटे, संजय कुमार वर्मा, विनोद ढ्ढा, विनेश कुमार चोपड़ा, उमेश अग्रवाल, प्रबंधक सह जिला संगठन प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

### प्रदान किया सुपोषण किट

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि रेडक्रास सोसायटी अंतर्गत सुपोषण अभियान के तहत डोंगरगांव में गर्भवती माताओं एवं बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा सुपोषण किट प्रदान किया गया। रेडक्रास सोसायटी की ओर से मुलचंद निर्मलकर को ईलाज हेतु वेल्लूर जाने यात्रा व्यय 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता तथा विद्या सागोड़े को किडनी के ईलाज के लिए 4 लाख रुपए की सहायता राशि एवं अन्य मरीजों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। रक्तदान शिविर, पौधरोपण, वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया।



## खबर संक्षेप

### ग्रापं कोलेगांव में मां महामाया बोल बम समिति का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** मां महामाया बोल बम समिति कोलेगांव द्वारा अमरकंटक स्थित मां नर्मदा से पवित्र जल लेकर ग्राम कोलेगांव की पावन धरती पर पहुंचे। जहां ग्रामवासियों व भक्तजनों द्वारा मां महामाया बोल बम समिति का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें डॉ तोमन शर्मा, पवन शर्मा, उपसरपंच विनय शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, दिनेश पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, जगतू साहू, रामसहाय साहू, रमेश यादव, सरपंच सुरेश ध्रुव द्वारा फूल माला व गाजा बाजा के साथ भव्य स्वागत किया गया। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत कोलेगांव के मां महामाया बोल बम समिति द्वारा लगातार 18 वर्षो से गांव व क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि एवं खुशहाली के लिए अमरकंटक से पद यात्रा किया जा रहा है।

### पोलमी में छह वर्षों की मेहनत लाई हरियाली




**हरिभूमि कुई कुकदूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी प्रांगण में आज हरियाली की जो छटा बिखर रही है, वह सिर्फ पौधरोपण का परिणाम नहीं बल्कि निरंतर श्रम, समर्पण और संरक्षण की सच्ची मिशाल है। प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम के नेतृत्व में विगत 6 वर्षों से विद्यालय परिसर में लगातार पौधरोपण किया गया और सभी शिक्षकों ने मिलकर उन पौधों की नियमित देखभाल करते हुए उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित किया। इस कार्य में विशेष सहयोग शिक्षक अशोक कुमार पाण्डेय (समन्वयक), राकेश कुमार सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद ठाकुर एवं श्रवण कुरचाम का रहा, जिनकी प्रतिबद्धता से आज विद्यालय परिसर हरियाली से सराबोर है और बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक पर्यावरणीय वातावरण निर्मित हो सका है। विद्यालय परिवार का यह सतत प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए न केवल एक स्वच्छ वातावरण, बल्कि प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का संदेश भी है।

### प्राथमिक शाला मक्के में नांग-पंचमी का त्यौहार धूमधाम के साथ मना



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में नांग-पंचमी के शुभ अवसर पर नांग देवता का पूजन अर्चना श्रीमती एलविना विलसन, शिक्षक नंदकिशोर साहू, शिक्षिका महारानी साहू और बच्चों द्वारा किया गया। प्रधान पाठक ने नाग पंचमी की विशेष बतलाया नांग-पंचमी एक पारंपरिक त्यौहार है, जो सांपों की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्यौहार हर वर्ष श्रावण महीने के शुक्ल पक्ष के पांचवें दिन मनाया जाता है। नांग पंचमी का त्योहार सांपों की पूजा के लिए मनाया जाता है, जो हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस दिन लोग सांपों को दूध, फूल और अन्य प्रसाद चढ़ाकर उनकी पूजा करते हैं। नांग पंचमी का त्यौहार सांपों के प्रति सम्मान और उनकी महत्ता को दर्शाता है। यह त्यौहार हमें प्रकृति और जीव-जन्तुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

### अशोका स्कूल के 41 विद्यार्थियों का संभागीय बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता हेतु चयन




**हरिभूमि कवर्धा।** शालेय खेल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 अंतर्गत अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के कुल 41 छात्र-छात्राओं का चयन बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल खेलों में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन अंतर्गत आने वाले 7 जिलों के खिलाड़ियों द्वारा भाग लेंगे। दुर्ग जोन की टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। विद्यालय के संचालक श्रीमती सारिका पवन देवांगन ने जानकारी दी कि विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय एवं जिले का नाम रौशन करते आ रहे हैं। ब्लॉक व जिला स्तर की प्रतियोगिता जो कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित हुई, उसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सॉफ्टबॉल में 17 छात्र-छात्राएं तथा बेसबॉल में -24 छात्र-छात्राओं का चयन संभागीय प्रतियोगिता हेतु सुनिश्चित किया। विद्यालय को पूर्ण विश्वास है कि क्षेत्रीय स्तर पर भी विद्यार्थी श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टीम में बड़ी संख्या में चयनित होंगे तथा पदक प्राप्त कर कबीरधाम जिला एवं अशोका पब्लिक स्कूल का गौरव बढ़ाएंगे।

### पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला में नांगपंचमी हर्षोल्लास के साथ मनी

**हरिभूमि बोड़ला।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला में नांगपंचमी का पर्व बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा में सुंदर नाग देवता की चित्र रूप से सजाया गया तथा सांपों के महत्व और उनसे सहअस्तित्व की भावना को प्रकट करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से की गई, जिसमें नागदेवता की प्रतिमा पर फूल, दूर्वा और दूध अर्पित किए गए। विद्यार्थियों ने नांगपंचमी से संबंधित गीत के माध्यम से पर्व की धार्मिक और पारंपरिक महत्ता को उजागर किया तथा संस्था के सभी शिक्षको ने अपने संबोधन में बताया कि नांगपंचमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान और सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करता है, तथा विद्यालय के सभी और विद्यार्थियों को नागपंचमी के पर्यावरणीय, पौराणिक और सामाजिक पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को टीका लगाया गया एवम नारियल का प्रसाद वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाएं, व्याख्याता एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

---

24 स्थानों पर आयोजित हो रहे विशेष राजस्व शिविर, हितग्राही योजनाओं की जानकारी और त्वरित लाभ देने पर जोर

# कलेक्टर ने राजस्व समाधान शिविरों को प्राथमिकता के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों में संबंधित राजस्व निरीक्षक और पटवारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और किसानों तथा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिविर तिथि की पूर्व सूचना प्रत्येक गांव में लाउडस्पीकर के माध्यम से दी जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण जन शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व शिविरों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक कार्यों के लिए आवश्यक आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों को सरल प्रक्रिया के तहत तत्काल तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को आयुष्मान भारत कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री मुक्त सूर्य घर योजना सहित अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और पात्र व्यक्तियों को तत्काल योजनाओं से जोड़ने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

समय-सीमा की बैठक में श्री वर्मा ने सिंचाई योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बड़ौदा खुर्द, जगमड़वा और घटोला जलाशयों सहित जिले की अन्य सिंचाई परियोजनाओं के लिए लंबित भू-अर्जन प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इसी बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां की बाधाओं को तत्काल दूर कर निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कराया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने पर बल दिया और आवास स्वीकृति तथा निर्माण की गति को तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को शीघ्रता से पट्टा जारी करने के निर्देश दिए। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में भी कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष पहल करते हुए जिले में स्वीकृत 24 मिनी स्टेडियमों की समीक्षा की और जिन 5 स्थानों पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां शीघ्र कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से प्रोत्साहित करने के लिए जिले में खेल विकास समिति का गठन किया जाए, जो खेल आयोजन और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में कार्य करेगी।

### जिले में 24 स्थानों पर विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है



जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी ने बताया कि अभियान निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है। जिले में 24 स्थानों पर विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के विभिन्न पटवारी हल्का के ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। इन शिविरों की शुरुआत 23 जुलाई को बोड़ला से हुई। इसके बाद 25 जुलाई को पोंड़ी, 28 को राजानवागांव, 29 को चिल्फी, 30 को तरेगांव जंगल, 31 को सहसपुर लोहारा, 1 अगस्त को सिल्हाटी, 4 को बीरेन्द्रनगर, 5 को ठाठापुर, 6 को बाजार चारभाठा, 7 को समनापुर, 8 को पिपरिया, 11 को नेवारी, 12 को मरका, 13 को दशरंगपुर, 18 को छिरहा, 19 को कुण्डा, 20 को दामापुर, 21 को मोहगांव, 22 को कुकदूर, 25 को कोदवा-गोड़ान, 27 को पंडरिया 28 को बाद्यामुड़ा और 29 अगस्त को रमतला में शिविरों का आयोजन होगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ विनय पोयम, डॉ मोनिक कौडों, नरेंद्र पैकरा, मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, एसडीएम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थें।

---

# सावन मास के तीसरे सोमवार को जलेश्वर महादेव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## कांवड़ियों का जत्था, पैदल चलकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

सावन मास के पवित्र तीसरे सोमवार को पांडातराई से एक किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध जलेश्वर महादेव धाम में आस्था का अपार सैलाब उमड़ा। नदी के मध्य जल में विराजमान स्वयंभू जलेश्वर महादेव के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु और बोल बम कांवरिया यहां पहुंचे। विशेष बात यह है कि जलेश्वर महादेव शिवलिंग वर्षा ऋतु में नदी में जलस्तर बढ़ने पर पूरी तरह डूब जाता है, फिर भी लोगों की आस्था में कोई कमी नहीं आती। श्रद्धालु नदी में स्नान कर विधिपूर्वक भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं। सुबह 5:00 बजे से ही फोक नदी में स्नान कर भक्तों ने पूजा प्रारंभ की। पूरे दिन मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के नारों से गूंजता रहा। श्रद्धालु जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और रुद्राभिषेक कर शिव कृपा प्राप्त कर रहे थे। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी। मंदिर के पास सजावटी, पूजा सामग्री, प्रसाद और खान-पान की दुकानों की भरमार थी, जो पूरे वातावरण को भक्तिमय मेले का रूप दे रही है। भक्तों का कहना है कि जलेश्वर महादेव के दर्शन मात्र से ही जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। हर वर्ष यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जो इस पवित्र स्थल की लोकप्रियता और आस्था का प्रमाण है।

#### अमरकंटक से जल लाकर जलेश्वर महादेव में जल चढ़ाते हैं कांवड़िया

सावन के इस विशेष दिन के अवसर पर अमरकंटक से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए कांवड़ियों के जत्थे बोल बम के जयकारों के साथ जलेश्वर महादेव पहुंचे। कांवड़ियों की सेवा के लिए समाजसेवियों व भक्तों द्वारा जगह-जगह भंडारे और विश्राम शिविरों की व्यवस्था की गई थी।

#### नगर पंचायत पांडातराई के प्रमुख शिवालयों में भी भीड़

सावन के इस विशेष दिन के अवसर पर अमरकंटक से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए कांवड़ियों के जत्थे बोल बम के जयकारों के साथ जलेश्वर महादेव पहुंचे। कांवड़ियों की सेवा के लिए समाजसेवियों व भक्तों द्वारा जगह-जगह भंडारे और विश्राम शिविरों की व्यवस्था की गई थी।

---

## ग्राम व क्षेत्र की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पवित्र श्रावण मास की तृतीय सोमवार को वनांचल ग्राम पंचायत तितरी के युवाओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर तितरी से रेंगाखार कला तहसील कार्यालय तक कुल 9 किलो मीटर पैदल यात्रा कर ग्राम पंचायत व क्षेत्र में व्याप्त पांच सूत्रीय समस्याओं को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय विधायक व जिला कलेक्टर के नाम पुलिस सुरक्षाबल के बीच ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने अपनी प्रमुख पांच समस्याएं जिसमें तितरी में लाखों रूपए की लागत से बन रही मिनी स्टेडियम के वर्तमान क्षेत्रफल 100 मीटर ×80 मीटर को बढ़ाकर 100 मीटर ×100 मीटर तक वृद्धि करने, तितरी से तरमा के बीच सड़क व पूल निर्माण, समनापुर से चिल्फी तक 11 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण में लगी रोक को हटाकर नए सिरे से बनाने की मांग व समनापुर की विगत महीने करोड़ों की लागत से निर्मित नहर का कुछ ही महीनों में टूट जाने की जांच की मांग तथा बरेंडीपानी भवन विहीन स्कूली छात्राओं के लिए नए स्कूल भवन निर्माण की मांग की गई है। जिस पर युवाओं ने शासन -प्रसान से उक्त समस्याओं को 15 दिनों के भीतर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

उपरोक्त समस्याओं के उचित समाधान नहीं होने की स्थिति में पूरे क्षेत्र की जनताओं द्वारा चक्का जाम सहित आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं युवा गण उपस्थित थें।

---

## रणवीरपुर मां शीतला-चण्डी व मां महामाया मंदिर प्रांगण में रूद्राभिषेक पूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶रणवीरपुर



ग्राम रणवीरपुर स्थित मां शीतला-चण्डी मां महामाया मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रुद्राभिषेक पूजन का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर भगवान शिव की आराधना में लीन दिखे। पूजन कार्यक्रम का विधिवत संचालन ग्रामाचार्य पं छत्रपाल तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने भगवान शिव की मिट्टी से निर्मित दिव्य आकृति एवं उनके गणो की पूजा पूरे वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराई। रुद्राभिषेक के अंतर्गत दूध, दही, घी, गंगाजल, मधुरस, शहद, वेलपत्र, पुष्प, धूप-दीप आदि पूजन सामग्रियों का उपयोग करते हुए भगवान शिव को अभिषेक अर्पित किया गया। यह पूजन परंपरा ग्राम रणवीरपुर में वर्षों से निरंतर चली आ रही है, जो ग्रामवासियों की सामूहिक आस्था और धार्मिक एकता का प्रतीक है। इस बार के रुद्राभिषेक में भी ग्रामीणों की विशेष सहभागिता रही। पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में मुरली अग्रवाल, खेलावन सोनी, चोवा सोनी, शिव सिंह परमार, आकाश वैष्णव, भोला साहू, लोकेश उपाध्याय, सोनम पाण्डेय, संतोष कौशल, दरबारी, लखन साहू, गुड्डु सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थे। पूजन के पश्चात भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने एकमत होकर इस धार्मिक आयोजन को आने वाले वर्षों में भी और अधिक भव्य रूप में करने का संकल्प लिया।

---

तीज-मिलन समारोह विधायक कार्यालय में हर्षोल्लास से संपन्न

## छत्तीसगढ़ की लोक परंपराएं हमारी पहचान है, इन्हें सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है: रश्मि विजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ की परंपराओं और नारी गौरव के प्रतीक पर्व तीजा तिहार के उपलक्ष्य में विधायक कार्यालय कवर्धा में तीजा तिहार तीज मिलन समारोह बड़े उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि विजय शर्मा उपस्थित रहीं।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तीजा तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और नारी परंपरा का प्रतीक पर्व है। यह केवल पर्व नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और मातृ शक्ति के सम्मान का उत्सव है। उन्होंने दूर-दराज से आई सैकड़ों महिलाओं, माताओं और बहनों को तीजा तिहार की शुभकामनाएं दीं और कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक परंपराएं, रीति-रिवाज और कला-संस्कृति हमारी पहचान हैं, जिन्हें सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें इन परंपराओं को अगली पीढ़ियों तक भावनात्मक जुड़ाव के साथ पहुंचाना है।

इस मिलन समारोह में भाजपा की महिला पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती सविता ठाकुर, जिला मंत्री श्रीमती नीतू शर्मा, शहर मंडलध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती दसारी ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल, जिला सभापति सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, तथा जनपद अध्यक्ष कवर्धा श्रीमती सुषमा गणपत बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कवर्धा ग्रामीण मंडल की सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने समारोह को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम में पारंपरिक खेलों की श्रृंखला के तहत खो-खो, कबड्डी, खुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गायन और नृत्य की छत्तीसगढ़ी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाएं छत्तीसगढ़ी लोकधुनों पर झूम उठीं और पूरे वातावरण को पारंपरिक उत्सव के रंगों में रंग दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था के साथ-साथ श्रीमती रश्मि विजय शर्मा के सौजन्य से साड़ी और उपहार भी वितरित किए गए। यह आयोजन न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बना, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरणास्पद पहल रही। महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक मिलन समारोह नारी शक्ति को सामाजिक मंच प्रदान करने के साथ-साथ लोक परंपराओं को भी जीवित रखते हैं। विधायक कार्यालय परिसर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की मधुर गूंज से सराबोर रहा।

कार्रवाई: उच्च शिक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की गिरफ्तारी

# पीजी कॉलेज कवर्धा में 1.22 करोड़ के गबन का आरोपी प्रमोद वर्मा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित शासकीय आचार्य पंथ ग्रंथ मुनि नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करोड़ों रुपए के गबन के मामले में जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गबन के आरोपी प्रमोद कुमार वर्मा, सहायक ग्रेड-2 को गिरफ्तार किया है। आरोपी को विधिसम्मत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में महाविद्यालय के तात्कालिक प्राचार्य की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय प्रबंधन और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव की शिकायत पर कॉलेज संचालन में गंभीर वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर गत 30 नम्बर 2024 को थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 728/2024, धारा 316(5) भादवि के तहत प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच में जनभागीदारी मद से संबंधित 28,32,407 की राशि का गबन सामने आया था। तत्पश्चात उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने पर संपूर्ण गबन की राशि बढ़कर 1,22,59,125 प्रमाणित हुई। रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी में संशोधन कर आगे की विवेचना विस्तृत रूप से की गई। पुलिस प्रशासन के मुताबिक जांच के दौरान जिन प्रमुख वित्तीय गड़बड़ियों की पुष्टि हुई है उसमें 1,13,28,570 रूपए की राशि बैंक और खजाने में जमा नहीं की गई, 24,81,805 रूपए स्ववित्तीय मद से संबंधित राशि कम जमा की गई, इसी प्रकार 2,20,000 रूपए बिजली बिल के नाम पर निकाले गए, लेकिन भुगतान नहीं किया गया तथा 9,40,555 रूपए की राशि मोबाइल बिल, ऑडिटोरियम किराया एवं अन्य मदों में अनियमित ढंग से उपयोग की गई है। प्रशासनिक जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कई महत्वपूर्ण लेखा दस्तावेज जानबूझकर छिपाए गए, जिनमें से कुछ कॉलेज की आलमारी से और कुछ आरोपी के निवास स्थान से जब्त किए गए। आरोपी प्रमोद वर्मा ने स्वयं यह स्वीकार किया कि कॉलेज से संबंधित कुछ मूल रिकॉर्ड उसके पास घर पर सुरक्षित रखे थे, जिन्हें बाद




### पहले ही निलंबित चल रहा था आरोपी कर्मी

यहां बताना लाजिमी होगा कि लाखों के इस गबन के मामले में आरोपी प्रमोद कुमार वर्मा, सहायक ग्रेड-2 को शासन द्वारा निलंबित किया जा चुका है। अब अपराध प्रमाणित होने और दस्तावेजों के संकलन के बाद, विधिसम्मत गिरफ्तारी कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपी को मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है की पुलिस के पहुंचने की भनक पाकर आरोपी अपने घर की छत में छिप गया था लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। इस कार्रवाई में थाना कवर्धा के प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान, रजनीकांत दीवान, सहायक उप निरीक्षक संजीव तिवारी, राजकुमार चंद्रवंशी, बंदे सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक वैभव कलचुरी, आरक्षक पवन राजपुर तथा सैनिक अनिल पाण्डेय का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने संपूर्ण दस्तावेजी विश्लेषण, पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन में सतर्कता व पेशेवर दक्षता का परिचय दिया।

### आरोपी निलंबित प्राचार्य अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर

गौरतलब है कि आचार्य पंथ श्री गृंध ग्रंथ नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में जनभागीदारी शुल्क में 1,22,69,12 रूपए के गबन के मामले की जांच के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मामले की जांच के लिए डॉ. आरएस खेर, प्राचार्य, शासकीय मदन लाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीपत, जिला-बिलासपुर की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने अपनी जांच में 1,22,69,12 रूपए के गबन की पुष्टि करते हुए कहा है कि इस गबन के उत्तरदायी तत्कालीन प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान (निलंबित) एवं प्रमोद वर्मा (निलंबित), सहायक ग्रेड-2 के विरूद्ध पुलिस थाने में प्राथमिकी सूचना दर्ज कराने की अनुशंसा की थी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी सहायक ग्रेड-2 श्री वर्मा को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन आरोपी तात्कालीन प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं। अब वे कब तक पुलिस की पकड़ में आते हैं और उन्हें गिरफ्तार किया जाता है ये देखने वाली बात होगी।

# 4 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, 74 साल का आरोपी बुजुर्ग गिरफ्तार




- घर के बाहर खेल रही बच्ची को चाकलेट देने के बहाने बुलाकर किया दुष्कर्म का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ते अपराधों के बीच एक फिर सनसनीखेज अपराधिक मामला सामने आया है। जिसमें कवर्धा कोतवाली अंतर्गत एक बुजुर्ग आरोपी ने चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। घटना की जानकारी परिजनों के के माध्यम से महिला थाना पहुंचने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के विरूद्ध पास्को एक्ट सहित कई अन्य धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। मामले में पीड़ित बच्ची के परिजनो ने महिला थाना कवर्धा में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक बुजुर्ग ने घर के बाहर खेल रही उनकी चार वर्षीय बच्ची पर गंदी नजर रखते हुए उसे चाकलेट देने के बहाने बुलाकर न सिर्फ उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया बल्कि उसके साथ मारपीट भी की। इस शिकायत के बाद हरकत में आई महिला थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर 74 साल के आरोपी को उसके ठिकाने से दबोच लिया। इस संबंध में कवर्धा डीएसपी कृष्ण चंद्राकर ने बताया कि यह पूरी वारदात रविवार की है। जब घर के बाहर खेल रही चार साल की मासूम बच्ची पर आरोपी की नजर पड़ी। आरोपी बुजुर्ग ने उसे चॉकलेट देने के बहाने बुलाया और उसके बाद उसके साथ मारपीट की और अनाचार का प्रयास किया। डरी सहमी बच्ची घर पहुंची तथा उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनो को दी। श्री चन्द्राकर के मुताबिक परिजनों ने सोमवार को इस पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच कर आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### चयन सूची जारी, 1 अगस्त को काउंसिलिंग

**कवर्धा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला कबीरधाम में पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) हेतु संविदा भर्ती के लिए 18 सितंबर 2024 को 4 प्रकार के 9 रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इनमें से पद क्रमांक 3 एवं 4 (अटेण्डेंट-एनआरसी एवं कुक कम केयर टेकर) के लिए मेरिट सूची, चयनित सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी यह सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट कवर्धा डॉट जीओवी डॉट इन पर देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन के लिए 1 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम में काउंसिलिंग आयोजित की गई है। सभी चयनित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर काउंसिलिंग में सम्मिलित हों।

### सोसायटी निर्माण का भूमिपूजन

**खड़गांव।** बिटाल में आने वाले दिनों धान खरीदी किया जाएगा। धान खरीदी के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पटेल हरकू साहू, सहकारी समिति प्रबंधक बीएस ठाकुर, सचिव एसआर भंडारी, भाजपा मंडल सदस्य बलवंत साहू, नागरिक टीएस गौर, पूरन साहू, किशोर कोठारी एवं ग्रामवासी शामिल हुए। ग्राम पटेल श्री साहू ने कहा कि ग्राम में धान खरीदी होने से सभी किसानों को लाभ मिलेगा और उन्होंने धान बेचने बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### स्कूली बच्चों ने मनाया नागपंचमी

**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल खडगांव में मंगलवार को नागपंचमी मनाया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक, शाला नायक, शाला नायिका, कक्षा नायक नायिका सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे। नागपंचमी के मौके पर नाग की पूजा अर्चना कर छात्र छात्राओं को त्यौहार की विशेषता बताई गई। इस पर्व को लेकर छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल रहा। आयोजन के लिए छात्र छात्राओं ने स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### स्कूल में थाली वितरण

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला पुराना अछोली में सरपंच नंदकुमार साहू, पंच भागचंद वर्मा, सुप्रिया रानी गुप्ता ने कक्षा पहली से पाँचवी तक के 34 विद्यार्थियों को भोजन के लिए थाली एवं गिलास का वितरण किया।

# कांग्रेस ने रजिस्ट्रार कार्यालय घेरा, जनहित में दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

भुइयां सॉफ्टवेयर द्वारा प्राप्त अभिलेखों को मान्य किए जाने की मांग






हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में खसरा, किश्तबंदी, खतौनी, नक्शा आदि की प्रतिलिपियों प्राप्त करने में लोगों को हो रही परेशानियों और इन आवश्यक दस्तावेजों के नाम पर संबंधित विभाग द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर कांग्रेस कार्यालय कवर्धा सिंग्नल चौक के पास एक दिवसीय धरना देकर तथा रैली निकालकर रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले भर से शिकायत प्राप्त हो रही हैं कि उप पंजीयक पटवारी, तहसीलदार द्वारा हस्ताक्षर राजस्व अभिलेख के बगैर विक्रय पत्रो का पंजीकरण नही किया जा रहा है साथ ही हस्ताक्षरित राजस्व अभिलेख प्राप्त करने के लिए आम लोगों को पटवारी, तहसीलदारों के लगातार चक्कर काटना पड़ रहा है। वहीं कुछ लोगों लोगों की शिकायत तो यह भी है कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के सुशासन में संबंधित विभाग के अधिकारी बगैर रिश्वत लिए कोई काम ही नहीं कर रहे हैं।

जबकि 26 अप्रैल 2014 को छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के द्वारा क्रमांक 6-75/ 7- 2/ 2014 के उल्लेख अनुसार 1 अगस्त 2014 से प्रदेश के सभी क्षेत्रों में पटवारी अभिलेख जैसे खसरा, किश्तबंदी, खतौनी, नक्शा आदि की प्रतिलिपि केवल व केवल कम्प्यूटर के माध्यम से प्रदाय किया जाना है तथा इन अभिलेखों को हाथ से बिल्कुल भी तैयार नहीं किया जाएगा मतलब स्पष्ट है कि भुइयां सॉफ्टवेयर द्वारा प्राप्त किया गया राजस्व अभिलेख खसरा पांचसाला एवं बी 1 मान्य है। कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा कि कवर्धा जिले में ऐसा नहीं हो रहा है यहां शासन के आदेश के विपरीत कार्य कर लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है और उनसे अभिलेखों के नाम पर वसूली की जा रही है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि एक तरफ तो प्रदेश की भाजपा सरकार सुशासन का राग अलापते हुए जिले के गांव-गांव में राजस्व शिविर लगाने का ढोंग कर रही है तो दूसरी तरफ उन्ही के अधिकारी और विभाग लोगों को लूटने में लगे हुए है। कांग्रेस ने लोगों की इन्हीं तमाम परेशानियों व शिकवा शिकायतों को लेकर आज कांग्रेस ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव कर जनहित में मांग पत्र सौंपकर नियमानुसार लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग शासन से की है। धरना प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी विंगो के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वित्त मंत्री का फूंका पुतला

धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शहर कांग्रेस कार्यालय कवर्धा के सामने प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला दहन किया और मंत्री तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था। पुतला दहन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पुलिस जवानो के बीच हल्की छीनाछपटी भी देखने को मिली।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना ने 27.79 करोड़ रुपए की रिकवरी राशि एक किश्त में की जारी

- डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को सावन में बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की प्रेरणा, सतत प्रयासों एवं कलेक्टर कबीरधाम के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, राम्हेपुर ने एक नई मिसाल कायम की है। बीते चार वर्षों में पहली बार, एक ही किश्त में और इतनी शीघ्रता से गन्ना किसानों को 27.79 करोड़ रूपए की रिकवरी राशि का भुगतान जारी किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने के एमडी जीएस शर्मा ने बताया है कि इससे पूर्व मई माह में ही किसानों को 87.65 करोड़ रूपए की एफआरपी राशि का भुगतान पूरा कर लिया गया था। इस प्रकार कुल मिलाकर इस वर्ष किसानों को 115 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। सावन के पवित्र माह और त्यौहारों के सीजन में इस भुगतान से क्षेत्र के गन्ना किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। किसानों ने इस अभूतपूर्व पहल पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है। किसानों का कहना है कि इस तेज़ और पारदर्शी भुगतान प्रक्रिया ने उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है और यह छत्तीसगढ़ सरकार की किसान-हितैषी नीति को धरातल पर साकार करता है। भोरमदेव शक्कर कारखाना भविष्य में भी किसानों के आर्थिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए समयबद्ध भुगतान व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गन्ना विक्रेता किसानों के खाते में 10.58 करोड़ का भुगतान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) ने 10.58 करोड़ का भुगतान जारी किया। कारखाने के एमडी उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता कृषकों से एफआरपी 315.10 प्रति क्विंटल के मान से गन्ना खरीदी की गई थी, जिसका कुल भुगतान योग्य राशि 47.31 करोड़ रूपए है। जिसमे से 28.16 करोड़ रुपए पूर्व में किसानों को भुगतान किया जा चुका था, शेष राशि 19.15 करोड़ रूपए में से 10.58 करोड़ राशि का भुगतान उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा किसानों को भुगतान हेतु शक्कर विक्रय की अनुमति प्राप्त होने पर की गई है। इसमें क्षेत्रीय विधायक एवं कलेक्टर सह अध्यक्ष का विशेष सहयोग रहा है, वहीं सोमवार को भुगतान हेतु बैंक में प्रेषित राशि दिनांक 06 से 21 जनवरी 2025 तक के कुल 2687 गन्ना विक्रेता कृषकों के लिए है। शेष राशि का भुगतान अतिशीघ्र किया जाएगा।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व ग्राम परसहा रोड को लेकर चक्काजाम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम परसहा के ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी को शिकायत मिली है कि आज पर्यंत मूलभूत सुविधा गांव में आने-जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आने जाने में ग्रामवासियों को बहुत ही असुविधा होती है, ग्रामवासी जन जनप्रतिनिधियों व शासन प्रशासन से कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई भी इसे गंभीरता से नहीं लिया। जबकि सड़क निर्माण होने से जरती, दशरंगपुर, दौजरी, बिजई, जेवडन के साथ कई ग्राम के किसानों का आवागमन इसी रास्ते से शक्कर कारखाना के लिए होगा। लोक निर्माण विभाग के द्वारा कई बार सर्वे किया जा चुका है इन सारी समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामवासियों के साथ मिलकर शक्कर कारखाना पोंड़ी रोड नेशनल हाईवे को मांग पूरी होने तक बाधित किया जाएगा। जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारी गण जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी गण, समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है।

श्रद्धालुओं ने घरों, मंदिरों तथा खेतों में की नाग देवता की पूजा अर्चना, मांगा सुरक्षा का आर्शीवाद

# भक्ति भाव से नाग पंचमी में की गई नाग देवता की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समूचे अंचल में नागपंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां मंदिरों, घरों एवं स्कूलों में नागदेवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई वहीं पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न अखाड़ो में अखाड़ों की सामाग्रियों की भी पूजा अर्चना विधि विधान से की गई। नागपंचमी के दिन घर-घर में लोगों ने भगवान नाग का चित्र बनाकर पूजा अर्चना की। शहर के कई स्थानों पर सपेरे लोगों को नाग के दर्शन कराते भी देखा गया। मंदिरों व स्कूलों में भी विशेष पूजा अर्चना की गई। ग्रामीण क्षेत्रो में किसानों ने खेत खलिहान में जाकर पूजा अर्चना करते हुए नाग देवता से सुख समृद्वि के साथ-साथ रक्षा करने की भी कामना की। जानकारी के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष पंचमी को नागों की पूजा करने से नागदेवता प्रसन्न होते है। परिवार में सर्पदंश का भय नही रहता। इसी मान्यता के चलते आज घरों एवं मंदिरों में नागदेवता की आकृति कागज एवं दीवारों पर नवाकर लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। लोगों ने इन आकृतियों को दही, दुबा, कुशा, अक्षत फल आदि से पूजा करने के पश्चात खुले स्थानों पर सर्प के नाम पर एक बर्तन में दूख रख दिया। पौराणिक मान्यतों के अनुसार नागपंचमी के दिन अगर नाग की पूजा की जाए तो काल सर्पयोग की पीड़ा सर्पदंश भय से मुक्ति मिलती है नागपंचमी के अवसर पर नगर में दिनभर सपेरे अपनी पिटारी में सर्प रख कर घूमते रहें तथा घरों-घर जाकर नागदर्शन कराएं। लोगों ने आस्था पूर्वक नागदर्शन के पश्चात उन्हें दूध पिलाया एवं चढोत्री चढ़ाई। क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थल भोरमदेव में भी भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव एवं नागदवेता की पूजा अर्चना कर पूण्य लाभ लिए। नगर को सर्वाधिक प्रसिद्ध एवं लोगों का आस्था केन्द्र बन चुके पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में भी दूर-दूर से भक्तों एवं श्रद्धालुओं लोगों ने पहुंचकर नागपंचमी के अवसर पर भगवान शिव तथा उनके प्रिय आभूषण नागदेव की पूजा अर्चना की।

### नेशनल स्पेस डे पर स्पेस ऑन व्हील्स की अनोखी प्रदर्शनी, डिप्टी सीएम करेंगे शुभारंभ



**कवर्धा।** भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की उपलब्धियों और नवाचारों से विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से, नेशनल स्पेस डे के अवसर पर 30 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे शासकीय पीजी कॉलेज, कवर्धा में एक विशेष विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के करकमलों से होगा। यह आयोजन साइंस क्लब, पीजी कॉलेज कवर्धा द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पोस्टर मेकिंग तथा स्पेस आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिले भर के विद्यार्थियों की इसमें सक्रिय भागीदारी देखने को मिलेगी। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा संचालित एक मोबाइल अंतरिक्ष प्रदर्शनी वाहन स्पेस ऑन व्हील्स को विशेष रूप से कवर्धा बुलाया गया है। यह वाहन अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें विद्यार्थी वर्चुअल स्पेस यानी अंतरिक्ष में होने जैसा अनुभव प्राप्त करेंगे। इस वाहन में इंटरएक्टिव मॉडल्स, 3डी डिस्प्ले, और स्पेस मिशनों की झलकियां शामिल हैं, जिससे बच्चे न केवल जानकारी प्राप्त करेंगे बल्कि उन्हें प्रेरणा भी मिलेगी। इसरो के विशेषज्ञ वैज्ञानिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे, जो बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियों से अवगत कराएंगे और उनके सवालों का मार्गदर्शनपूर्ण उत्तर देंगे। यह पहल उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी के विशेष प्रयासों से संभव हो सकी है। उनका स्पष्ट उद्देश्य है कि जिले के विद्यार्थी भी देश की वैज्ञानिक यात्रा से जुड़े, अंतरिक्ष विज्ञान को समझें और भविष्य के वैज्ञानिक बनने का सपना देखें।